CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 130 □ रायपुर, बुधवार 4 जून 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बालोद जिले को जल संचय-जनभागीदारी अभियान में देश में तीसरा स्थान




### केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने की सराहना

**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में बालोद जिले ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जल संचय-जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के फलस्वरूप बालोद जिला, देश में तीसरे स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता और जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से संभव हो सकी है।

'कैच द रेन' अभियान के तहत जिले में वर्षाजल को संचित करने हेतु तालाब, कुएं, सोकपिट, गड्ढों का निर्माण, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग जैसी महत्वपूर्ण संरचनाओं का निर्माण किया गया। इसके फलस्वरूप जल संरक्षण की दिशा में बालोद की यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर सराही गई है। इस उपलब्धि की समीक्षा हेतु आयोजित वर्चुअल बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल एवं जल शक्ति मंत्रालय की सचिव सुश्री देवाश्री मुखर्जी ने देश के 34 जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। इस दौरान बालोद जिले में किए गए कार्यों की उन्होंने सराहना की। संयुक्त जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से वर्चुअल बैठक में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में सामुदायिक भागीदारी से किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने वर्ष 2023-24 के भू-जल सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर जिले के डौंडीलोहारा एवं डौंडी विकासखंड को सेफ जोन, गुण्डरदेही एवं बालोद विकासखंड को सेमी क्रिटिकल तथा गुरूर विकासखंड को क्रिटिकल जोन में शामिल होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2024-25 में कुल 1,06,677 नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है। साथ ही पूर्व निर्मित 30,849 जल स्त्रोतों की मरम्मत एवं सफाई की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 हजार वाटर रिचार्ज पिट, वन क्षेत्र में 3 लाख 88 हजार पौधों का रोपण तथा ग्रामीणों की निजी पहल पर 27,000 से अधिक घरों में सोकपिट बनाए गए हैं। जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए जिले में 436 जल वाहिनी समिति और जल जतन समिति का गठन किया गया है। स्कूल-कॉलेजों, एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों को जलमित्र के रूप में शामिल किया गया है। ग्रामीणों को लघु फिल्मों एवं संवाद के माध्यम से जल संचयन के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं सचिव ने बालोद जिले की इन प्रयासों को देशभर के लिए अनुकरणीय बताते हुए कलेक्टर सहित पूरी टीम को बधाई दी।

## कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा



**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता मंत्रिपरिषद की बैठक शुरू हो गई है. यह बैठक मंत्रालय, महानदी भवन में आयोजित की जा रही है. यह साय कैबिनेट की 29वीं बैठक है, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही है।

## रविवि का एडमिशन पोर्टल बिना सूचना बंद छात्र और कॉलेज प्रबंधन में मचा हड़कंप



**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) के सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश के लिए ओपन किया गया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल अचानक बंद कर दिया गया है। इस फैसले ने छात्रों, उनके अभिभावकों और कॉलेज प्रबंधन को असमंजस में डाल दिया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने पहले ही एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसमें 16 जून से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की बात कही गई है। लेकिन पोर्टल बंद होने से सरकारी और निजी कॉलेजों के हजारों छात्र असमंजस में हैं, वहीं निजी विश्वविद्यालयों को इसका सीधा लाभ मिलता नजर आ रहा है। बड़ी संख्या में छात्र अब निजी विश्वविद्यालयों की ओर रुख कर रहे हैं और वहां रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। प्राइवेट कॉलेज प्रिंसिपल्स एसोसिएशन ने जल्द ही रविवि प्रबंधन से मुलाकात कर पोर्टल को दोबारा खोलने की मांग करने की बात कही है। एसोसिएशन के मुताबिक, बगैर किसी पूर्व सूचना के पोर्टल बंद करना छात्रहित के खिलाफ है और इससे पूरे दाखिला सिस्टम पर असर पड़ रहा है। शिक्षाविदों का आरोप है कि रविवि द्वारा पोर्टल बंद करने के पीछे निजी विश्वविद्यालयों और यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) को फायदा पहुंचाने की मंशा हो सकती है। गौरतलब है कि रविवि ने अपनी अध्ययनशालाओं में प्रवेश के लिए अप्रैल से ही पोर्टल खोल दिया था, जबकि कॉलेजों के पोर्टल को बंद कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि यूटीडी की सीटें हर साल खाली रह जाती हैं, जिसे भरने के लिए यह कदम उठाया गया हो सकता है।

पिछले एक सप्ताह से वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की प्रक्रिया भी धीमी पड़ गई है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अंतिम मुख्य परीक्षा का रिजल्ट 28 मई को (बीए सेकंड ईयर) अपलोड हुआ था। उसके बाद मुख्य परीक्षाओं के रिजल्ट जारी नहीं किए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो विश्वविद्यालय प्रबंधन का ध्यान इस समय छात्रहित से हटकर निर्माण कार्यों और विभिन्न खरीदी प्रक्रियाओं पर अधिक केंद्रित है। अधिकारी कैंपस विकास कार्यों की मॉनिटरिंग में व्यस्त हैं, जिससे शिक्षा और परीक्षा संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रविवि द्वारा अचानक पोर्टल बंद किए जाने से जहां छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है, वहीं कॉलेज प्रशासन और शिक्षक वर्ग में भी असंतोष है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### बुजुर्ग को जिंदा जलाकर उतारा मौत के घाट

**कवर्धा,** 4 जून (हाईवे चैनल)। कवर्धा जिले में अपराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. सिंघनपुरी गांव के बामी में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक 70 वर्षीय बुजुर्ग झड़ी साहू को देर रात जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया गया. जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग अपने घर के बाहर सो रहे थे, तभी अज्ञात हमलावर ने उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो चुकी थी. यह घटना तीन दिनों में तीसरी हत्या है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोग बेहद डरे हुए हैं और लगातार बढ़ते अपराधों को लेकर नाराज़गी जता रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है. हत्यारे की तलाश की जा रही है.

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौके पर ही हुई मौत

**बलरामपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. बलरामपुर में बुधवार सुबह भीषण सड़क देखने को मिला. तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई. हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है.

जानकारी के मुताबिक, अजगरा नाला के पास तेज रफ्तार में आ रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई. हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है. लखनपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है. अंबिकापुर बिलासपुर मार्ग के सिंगिटाना के पास हादसा हुआ है.




**चूहा- सुनती हो, अभिनेता कमल हासन को कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा पर दिए बयान को लेकर कड़ी फटकार लगाई है।**

**चुहिया- हां जी, नेता हो या अभिनेता, भारतीय कोर्ट रोज कड़ी फटकार ही लगाती है।**

## पुल से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हुई कार, मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

### बीती रात्रि सिहावा धमतरी मार्ग पर ग्राम टांगापानी से घोटगांव के बीच हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना



**धमतरी,** 4 जून (हाईवे चैनल)। बीती रात्रि जिले में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी। जिसमें मां और बेटे की मौत हो गई। उक्त घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार सिहावा थानान्तर्गत बेलर निवासी त्रिलोक देवांगन अपनी पत्नी प्रेमलता देवांगन व पुत्र जयकांत देवांगन के साथ विवाह समारोह में शामिल होकर कार से वापस लौट रहे थे। तभी बीती रात्रि लगभग 11 बजे सिहावा धमतरी मार्ग पर ग्राम टांगापानी से घोटगांव के बीच कारण अनियंत्रित होकर पुल से टकराकर नीचे गिर गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के पश्चात सूचना पर पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा। दुर्घटना में प्रेमलता देवांगन व पुत्र जयकांत देवांगन की मौत हो गई। जबकि पिता त्रिलोक देवांगन गंभीर रुप से घायल है। दुर्घटना पश्चात पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## मुंशी से रात के अंधेरे में लूटे 8.75 लाख, पुलिस ने चंद घंटों में आरोपियों को दबोचा



**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। गुढियारी थाना क्षेत्र के नया तालाब इलाके में बीती रात लूट की वारदात हुई. तेलघानी नाका स्थित तनिष्क एंटरप्राइजेज में मुंशी से बदमाश 8 लाख 75 हजार 800 की नगदी लूटकर फरार हो गए. मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई पूरी रकम के साथ स्कूटी और हथियार बरामद किया है.

प्रार्थी सूरज साहू ने पुलिस को बताया कि वह उक्त रकम अपने इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिक्की में रखकर कार्यालय से सेठ के घर (नया तालाब, गुढियारी) जा रहा था. इसी दौरान नया तालाब के पास स्कार्फ से मुंह ढंके हुए दो अज्ञात युवकों ने उसे ओवरटेक कर स्कूटी रोक ली. बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसे धक्का देकर गिरा दिया और स्कूटी सहित डिक्की में रखे पूरे रुपये लेकर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही गुढियारी थाना और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई शुरू की. त्वरित जांच व सटीक सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पूरी नगदी, स्कूटी और हथियार बरामद कर लिए गए हैं. पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर उनके पीछे किसी संगठित गिरोह के हाथ होने की पतासाजी कर रही है.

## मेडिकल कॉलेज में 150 पदों पर होगी संविदा भर्ती



**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज में विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती की जा रही है. डेढ़ सौ सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट समेत अन्य पदों पर भर्ती के लिए आज 4 जून को इंटरव्यू होगा. पद रिक्त होने के कारण न केवल मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई, बल्कि अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट समेत अन्य विभागों में इलाज प्रभावित हो रहा है. मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों में दर्जनों पद खाली हैं. इन पदों पर नियमित भर्ती लंबे समय से नहीं हुई है।

जो चिकित्सा शिक्षक एवं डॉक्टर संविदा पर आते हैं, वे भी दो-तीन साल बाद नौकरी छोड़ चले जाते हैं. इसका सीधा असर अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ता है. बताते हैं कि संविदा में भी वेतन कम हैं और ज्यादातर डॉक्टर या तो प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं अथवा निजी अस्पतालों में मोटी तनख्वाह पर चले जाते हैं. मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा डेढ़ सौ पदों के लिए संविदा भर्ती की जा रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पदों पर संविदा भर्ती हो रही है, उनमें सहायक प्राध्यापक के 53, सीनियर रेसीडेंट नियमित के 10, सीनियर रेसीडेंट संविदा के 61 पद, प्रदर्शक के 3 पद, कॉर्डियो वस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जरी विभाग हेतु सहायक प्राध्यापक के 11, सीनियर रेसीडेंट के 10, जूनियर रिसर्च साइंटिस्ट के 1 एवं साइंटिफिक ऑफिसर के 1 पद पर आरक्षण रोस्टर अनुसार संविदा भर्ती होगी. इन पदों के लिए कल 4 जून को इंटरव्यू रखा गया है।

## रायपुर में कोरोना केस ज्यादा, दूसरे नंबर पर दुर्ग



**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को कोविड के चार और नए मरीज मिले हैं। इनमें से तीन मरीज रायपुर और एक बिलासपुर से है। इसके साथ ही प्रदेश में कोविड के कुल एक्टिव केस 15 हो गए हैं। सबसे अधिक 10 एक्टिव केस राजधानी रायपुर के हैं। इसके बाद दुर्ग में 3, बस्तर और बिलासपुर में 1-1 हैं। रायपुर में मंगलवार को कोविड के 3 और नए मरीज मिले थे। इससे पहले पिछले 2 दिनों में 7 नए एक्टिव केस आइडेंटिफाई किए गए थे। इनमें से किसी की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं थी। 10 में से दो 9 मरीजों को होम क्वारंटाइन किया गया है। वहीं एक का निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

इसके अलावा 2 मरीज रिकवर हो गए हैं। यानी अब 12 केस कोविड के केस सिर्फ रायपुर में ही आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की माने तो राजधानी में सर्दी, खांसी जुकाम और बुखार वाले मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नई एडवाइजरी भी जारी की है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (इली) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (सारी) के लक्षण जिस भी मरीज में दिखे। उनके संबंध में तत्काल इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन सेंटर में रिपोर्ट करें। वहीं, इस कंडीशन में दी जाने वाली दवाइयों से जो मरीज ठीक हो, उनकी स्क्रीनिंग की जाए। तत्काल उनके सैंपल कोविड-19 जांच के लिए भेजा जाए। अब सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल को निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह के लक्षण वाले मरीजों के संबंध में तुरंत रिपोर्ट करे।

## 16 जिलों में युक्तियुक्तकरण के लिए शिक्षकों की काउंसिलिंग पूरी

### 4500 से अधिक अतिशेष शिक्षकों को मिली नवीन पदस्थापना

**रायपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार राज्य के 16 जिलों के अतिशेष 4456 सहायक शिक्षकों, प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है. अब तक 4456 से अधिक शिक्षकों को नवीन पदस्थापना जारी कर दी गयी है.

कोरबा, सुकमा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ति, जशपुर, कोरबा, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दुर्ग, राजनादगांव, बालोद, बीजापुर और सूरजपुर में काउंसिलिंग पूरी हो चुकी है. अतिशेष शिक्षकों का वरिष्ठता के आधार पर काउंसलिंग की गई. शेष जिलों में काउंसिलिंग प्रक्रिया जारी है. काउंसिलिंग प्रक्रिया में शिक्षकों द्वारा रिक्त स्थानों में से अपने पसंद के विद्यालयों का चयन किया.

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का मामला पहुंचा हाई कोर्ट काउंसिलिंग में नियमों के उल्लंघन का दिया गया हवाला

**बिलासपुर,** 4 जून (हाईवे चैनल)। प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण का मामला आखिरकार हाई कोर्ट पहुंच ही गया. छत्तीसगढ़ विद्यालयीन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष समेत 34 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के काउंसिलिंग में नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए चुनौती दी है.

प्रदेश में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर 2 अगस्त 2024 में आदेश जारी हुआ था, तब प्रदेश भर के शिक्षकों के विरोध को देखते हुए ने जमकर विरोध किया, जिसके बाद शासन ने इस पर अमल नहीं किया था. 25 अप्रैल 2025 को फिर नया आदेश जारी किया गया. जिसमें कई खामियां गिनाई जा रही हैं.

छत्तीसगढ़ विद्यालयीन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी और पाटन ब्लॉक व दुर्ग के 34 शिक्षकों ने दायर याचिका में कहा कि नए आदेश के तहत प्रायमरी स्कूल, मिडिल स्कूल में मर्ज हो रहा है, तो प्रायमरी का प्रधान पाठक अब सहायक शिक्षक बन जाएगा. इसी तरह जिन स्थानों पर हायर सेकेंडरी के साथ ही मिडिल स्कूल भी है, तो मर्ज होने के बाद वहां हेड मास्टर फिर से शिक्षक बन जाएगा. इस तरह से पदों को समाप्त किया जा रहा है.

CMYK